# हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर का निलंबन जल्द होने की संभावना

## स्वायत्त शासन विभाग के नोटिस का जवाब पेश करने का समय खत्म हुआ

**जयपुर** । हैरिटेज नगर निगम की महापौर मुनेश गुर्जर को जल्द ही निलंबन करने की कार्रवाई हो सकती है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से दिए गए नोटिस का जवाब देने का समय खत्म होने के बाद अब यूडीएच मंत्री ने सोमवार को मुनेश गुर्जर की ओर से दिए गए जवाब को देखकर कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि मुनेश गुर्जर को निलंबित किया जाएगा और फिर कार्यवाहक महापौर बनाई जाएगी, जो हैरिटेज निगम की कमान संभालेगी।

ज्ञात रहे कि महापौर मुनेश गुर्जर को बुधवार शाम को स्वायत्त शासन उपनिदेशक विनोद पुरोहित ने नोटिस जारी किया था। जिसमें मुनेश गुर्जर को तीन दिन में पक्ष रखने को कहा गया था। हालांकि उनका जवाब आने पर भी निलंबन तय माना जा रहा है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने इस संबंध में कहा कि मेयर मुनेश गुर्जर को दिए नोटिस की अवधि खत्म हो चुकी है। मुनेश गुर्जर की ओर से जो भी जवाब पेश किया जाता है, उसका अवलोकन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ **अब महापौर मुनेश की ओर से पेश किए जाने वाले जवाब का परीक्षण होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी**

खर्रा ने कहा कि 19 सितंबर को एसीबी ने भी मुनेश गुर्जर को कोर्ट में पेश होने का नोटिस जारी किया हुआ है। ऐसे में आगे की न्यायिक कार्रवाई न्यायालय की ओर से होगी और प्रशासनिक कार्रवाई सरकार करेगी। खर्रा ने कहा कि हालांकि इसके बाद हेरिटेज निगम को संभालने के लिए कार्यवाहक मेयर बनाया जाएगा, लेकिन यह फिलहाल तय नहीं हुआ है कि किस पार्षद को कार्यवाहक मेयर का काम सौंपा जाएगा। निलंबन के बाद सभी पार्षदों से बात करके योग्य पार्षद को यह कार्यभार दिया जाएगा।

सूत्रों की मानें तो हैरिटेज निगम में 100 पार्षद हैं, इनमें कांग्रेस के 46 और 9 निर्दलीय पार्षदों के साथ कांग्रेस का बोर्ड है। जबकि बीजेपी के पास 42 पार्षद और 2 निर्दलीय पार्षद हैं। मुनेश गुर्जर के बर्खास्त होते ही पार्षद 99 रह जाएंगे और बोर्ड बनाने के लिए 50 पार्षद की जरूरत होगी। फिलहाल कांग्रेस के कई पार्षद मुनेश गुर्जर के खिलाफ खड़े हैं और बीजेपी के संपर्क में भी हैं।

ऐसे में कार्यवाहक महापौर बनने के बाद यदि मेयर पद पर चुनाव होता है, तो हैरिटेज निगम में बीजेपी का कमल भी खिल सकता है. हालांकि इस बीच बीजेपी की कपिला कुमावत, ललिता जायसवाल, कुसुम यादव और बरखा सैनी के नाम को लेकर चर्चाएं चल रही है।

# युवक को छोड़ने की एवज में मांगी 10 लाख रुपए फिरौती

**जयपुर** । सदर थाना इलाके में परिचित युवकों द्वारा एक युवक का अपहरण कर होटल रूम में ले जाकर उसके मारपीट कर वीडियो बनाया गया। इसके अलावा चाकू दिखाकर धमकाया कि अपने पापा को कॉल कर बोल कि उसका अपहरण हो गया है और छोडने की एवज में बीस लाख रुपये की फिरौती मांगी है। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

जांच अधिकारी एसआई अभिषेक स्वामी ने बताया कि लालसोट दौसा निवासी इक्कीस वर्षीय युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि 12 सितम्बर को उसका रिश्तेदार शुभम अपने दोस्त परहेज के साथ नागपुर से जयपुर आया था। शाम को कॉल कर मिलने के लिए जयपुर रेलवे स्टेशन बुलाया। देर रात मिलने के लिए रेलवे स्टेशन के सामने आया। पहले से गाड़ी लेकर खड़े दोनों ने उसे बैठा लिया और फिर रातभर उसे गाड़ी में बैठाकर इधर-उधर घुमाते रहे। अगले दिन सुबह रेलवे स्टेशन के सामने स्थित होटल में ले गए। जहां होटल के रूम में ले जाकर उसे बैठा दिया। जाने की कहने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल व जेब में रखे 36 हजार रुपए छीन लिए। आरोपितों ने मारपीट करते हुए का वीडियो भी अपने मोबाइल में बनाया। साथ ही चाकू की नोक पर धमकाकर बोले कि अपने पापा को कॉल कर बोल कि उसका अपहरण हो गया है और जल्द ही बीस लाख रुपए की व्यवस्था करो। साथ ही चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर बोले तुझे झूठे केस में फंसा देंगे। जमीन पर पटककर दोनों आरोपितों उसकी छाती पर बैठ कर हत्या करने की कहने लगे। उसे छोड़ने से पहले धमकाया कि अगर किसी को इस बारे में बोला तो अगली बार उसका खेल खत्म कर देंगे। इसके बाद आरोपित उसे वहीं छोड कर फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर होटल सहित आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

## सार-समाचार

### काव्य पाठ से वाहवाही बटोरी



**नई दिल्ली** । मकाम संस्था के सैन्य एवं अर्ध सैन्य बलों के हिंदी साहित्य से जुड़ें परिवारों द्वारा सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट, कस्तूरबा गांधी मार्ग पर ''प्रहरी'' के तृतीय वार्षिक समारोह कार्यक्रम में करौली जिले के निवासी शिवराज पाल सिंह 'राव' का काव्य पाठ हुआ, सभी प्रतिभागी कवियों और श्रोताओं ने उनके काव्य पाठ की तालियों के साथ दाद दी। संस्था के संस्थापक नरेश नाज, सेवानिवृत्त आईबी अधिकारी, समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जनरल पीयूष गुप्ता (सेवा निवृत) और नियति गुप्ता, वैश्विक अध्यक्ष शालू गुप्ता और राष्ट्रीय अध्यक्ष मेजर प्राची गर्ग ने राव का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। प्रहरी मंच देश की सेना के तीनों अंग, अर्ध सैनिक बलों तथा पुलिस से जुड़े कार्यरत और सेवानिवृत्त सदस्यों के स्वयं और पारिवारिक सदस्यों के द्वारा हिंदी साहित्य को प्रोत्साहन देने के लिया विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय शाखाओं द्वारा, नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर एवम विदेशों में बसे हुए लोगों द्वारा संचालित किया जा रहा है। समारोह में राजस्थान इकाई की श्रीमती सुशीला शील 'स्वय्मसिद्धा' ज्ञानवती सक्सेना और रंजीता जोशी तुलसी का भी काव्य पाठ हुआ और उनका सम्मान किया गया। सेना के आत्मानुशासन और गरिमा के साथ हुए कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया गया इस से गौरवान्वित हुआ। हिंदी दिवस 14 सितंबर को ही एक एक अन्य सम्मान नागरिक लिपि परिषद, की कर्नाटक इकाई द्वारा किया गया।

### 'सावन-भादो बरखा बहार' कार्यक्रम




**जयपुर** । अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी की ओर से यहाँ गोपाल नगर में एक होटल में सावन-भादो बरखा बहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गीत और नृत्य के साथ ही रोचक खेल प्रतियोगिताएँ हुईं। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. रमा माथुर ने बताया कि अजय कल्ला, मनोज, प्रहलाद, लखपत, रुपा और अनुपमा द्वारा प्रस्तुत गीतों ने समाँ बांध दिया। जया कल्ला, कल्पना माथुर, स्वाति भारती और अलका ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किये जिसे सभी ने खूब सराहा। यह कार्यक्रम सोसायटी की सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला की देख-देख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सोसायटी की सचिव कल्पना माथुर ने सदस्यों को रोचक खेल खिलाये और विजेताओं को पुरस्कार दिए गये। कार्यक्रम का संचालन आयुष कल्ला ने किया। कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्य और अन्य अतिथि मौजूद थे।

### धाकड़ समाज की सामूहिक गोठ




**जयपुर** । धाकड़ समाज सेवा समिति जयपुर द्वारा कालवाड़ रोड स्थित श्री श्याम मन्दिर में धाकड़ समाज की सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष और नगर निगम ग्रेटर पार्षद शेर सिंह धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत समिति के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में समाज के जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे समाज बंधुओं ने आपस में परिचय दिया। समिति के मंत्री बच्चू सिंह धाकड़ ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई और समाज की विधवा महिलाओं , आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं तथा असहाय महिलाओं को सिलाई मशीन भेंट की गई। समिति ने पूर्व में भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रत्येक विवाह जोड़े को 51 बर्तनों का सेट देना, ब्लड डोनेशन शिविर लगाना समाज को विकसित करने के लिए जागृत करना आदि अनेक कार्य किए हैं।

### रविकाश फाइनेंस की चौमूं शाखा शुरू



**जयपुर**। वित्तीय क्षेत्र की अग्रणी कम्पनी रविकाश फाइनेंशियल सर्विसेज का विस्तार करते हुए सोमवार को जयपुर जिले के चौमूं में 23 वीं शाखा शुरू की गई । रविकाश के डायरेक्टर विकास ओझा और रवि ढींगरा ने एक समारोह में फीता काटकर चौमूं शाखा का शुभारंभ किया। डायरेक्टर विकास ओझा ने बताया कि चौमूं शाखा का नेतृत्व लोकेशन हेड की भूमिका में दिनेश सैनी करेंगे। इस अवसर पर रविकाश के सीनियर पदाधिकारी सोमेंद्र सिंह राजावत, सौरभ शर्मा, अजय राठौड़, सुशील विजयवर्गीय और ओम नारायण चौधरी सहित क्षेत्र के प्रमुख नागरिक उपस्थित थे।

### राधा रानी का छठी महोत्सव मनाया



**जयपुर**। रामगंज बाजार स्थित मंदिर श्रीलाडलीजी में महंत संजय गोस्वामी के सानिध्य में सोमवार को राधा रानी का छठी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर राधा रानी ने तारा पूजन, बै पूजन, दाई पूजन किया। लाडलीजी को केसर-पिस्ता, बादाम युक्त दूध, मक्खन पेड़े, मेवा तथा फलों के साथ-साथ विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया। इस अवसर पर झूलो बल पलना अति सुकुमार आदि छठी समाज पद गायन हुआ।

### ट्रोमा सेंटर में फॉल्स सिलिंग गिरी

**जयपुर** । सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर के पीटीओटी में ''फॉल्स सीलिंग'' गिरने से बड़ा हादसा होने से बच गया। लेकिन बताया जा रहा है कि बारिश के चलते पिछले 22 दिन से छत से पानी टपकने को लेकर डॉक्टर अस्पताल प्रशसन को अवगत करवा रहे थे, लेकिन इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते आज यह हादसा हो गया। रैजिडेंट हेलमेट लगाकर काम करने पर मजबूर है, लेकिन प्रशासन हर बार की तरह लीपापोती करने में जुटा है।

# पं मोतीलाल जोशी संस्कृत सुधी सम्मान

**जयपुर** । संस्कृत सेवा के संरक्षण, सवंर्धन और विकास में आजीवन समर्पित स्मृति शेष पं. मोतीलाल जोशी की पुण्यतिथि पर 17 सितम्बर को 1.15 बजे स्मृति व्याख्यान एवं संस्कृत सुधी सम्मान समारोह का आयोजन शाहपुरा बाग, आमेर रोड जयपुर में किया जायेगा।

राज. संस्कृत साहित्य सम्मेलन के महामंत्री डॉ. राजकुमार जोशी व प्राचार्य एवं प्रबन्ध समिति सदस्य डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि सुधी-सम्मान से प्रदेश के पूर्व संस्कृत निदेशक, डॉ. मण्डन शर्मा, 'आशुकवि' पं. सांवरमल शर्मा, कालाडेरा, राजस्थान विश्वविद्यालय एवं पारीक पी.जी. महाविद्यालय के निवृत्त शिक्षा प्रोफेसर्स डॉ. मथुरेश्वर पारीक व डॉ. श्रीमती विनय शर्मा, ज्योतिष शास्त्र के अनुभवी पं. चन्द्रशेखर शर्मा तथा पौरोहित्य कर्म के विशिष्टकर्ता पं. जानकीवल्लभ शर्मा, निवृत्त प्राध्यापक संस्कृत शिक्षा, राजस्थान को सम्मानित किया जायेगा। समारोह में संत रामरतन दास महाराज, डॉ.बी.डी.कल्ला, बृजकिशोर शर्मा, डॉ. राजकुमार शर्मा, कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे तथा प्रो. वैद्य बनवारी गौड़ भी शामिल होंगे।

# किशोरी मेले में शामिल हुई 125 बच्चियां



स्माइल संस्था की ओर से सोमवार को ''किशोरी मेले'' का आयोजन किया गया।

**जयपुर** । स्माइल संस्था की ओर से इस्कॉन रोड स्थित मंगलम पैलेस में सोमवार को ''किशोरी मेले'' का आयोजन किया गया। मेले में संस्था से जुड़ी सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत जयपुर शहर एवं ग्राम हीरापुरा, जिला जयपुर से लगभग 125 वंचित वर्ग कि किशोरियों ने भाग लिया। इस मेले में किशोरियों ने अपने कई वर्षो से स्माइल के साथ प्राप्त किये गये अनुभवों को आपस में साझा किया।

बालिकाओं ने बताया कि शाला समय के पश्चात् स्माइल की कक्षाओं में आकर, ''हम अच्छे अंकों से पास तो हुए ही साथ ही हमने जीवन से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां नियमित रूप से दी गई जिससे हमारे व्यक्तित्व में अभूतपूर्वक परिर्वतन आया और अब हमारे में इतना आत्मविश्वास आ गया है कि हम हर परिस्थिति का सामना करते हुए आगे बढ़ते रहेंगी। किशोरियों ने यह भी बताया कि स्माइल के साथ जुड़ने के कारण अब उनमें इतना सामर्थ्य आ गया है कि वे बाल विवाह का विरोध कर सके और अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सके।''

डॉ. प्रीतमपाल द्वारा मासिक धर्म से संबंधित जानकारियां दी गईं। ममता जैतली द्वारा जेण्डर भेदभाव को लेकर चर्चा की गईं। साथ ही विभिन्न प्रकार के चेतना गीत गाये गयें। राजेन्द्र भाणावत (पूर्व आईएएस) ने बालिकाओं को निरन्तर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। सॉशल मिडिया के प्रभाव एवं दुष्प्रभाव पर किये गये नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति ने सभी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। किशोरियों ने बालिका सशक्तिकरण के नारे लगाये, विभिन्न खेल खेले एवं मनोरंजक नृत्य प्रस्तुत कियें। मेले में इन्होने विज्ञान के रोचक व ज्ञानवर्धक प्रयोग करके दिखाएं और उसके पीछे के कारण के बारे में सभी को जानकारियां दी। जोकि अक्सर अंधविश्वास के कारण बिना सोचे समझे इन्हें मान लेते हैं।

इस मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह भी था कि जो किशोरियां छोटे-छोटे घरों में रह रही हैं और सामाजिक दबाव के कारण भी उन्हें खुलकर अपनी बात को व्यक्त करने और अपने हुनर को अभिव्यक्त करने के अवसर प्राप्त नहीं होते हैं, मेले में उन्हें नाचने, गाने, खेलने, कूदने, हंसने, बोलने और महत्वपूर्ण जानकारियां लेने आदि के अवसर मिलने से वे अत्यधिक प्रसन्न थीं। उन्हें लग रहा था कि इस प्रकार के आयोजन वर्ष में दो बार तो अवश्य होने ही चाहिए। स्माइल संस्था की अध्यक्ष अनिता भाणावत, जोकि पूर्व में अंग्रेजी विषय की प्रोफेसर रही एवं कई वर्षो से स्माइल संस्था में पूरी तरह समर्पित होकर कार्य कर रही हैं, उन्होने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। कामिनी शुक्ला जोकि पिछले 37 वर्षो से समाज के उत्थान के लिए एवं वंचित वर्ग की किशोरियों एवं महिलाओं के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही हैं, उन्होने बताया कि यह सब स्माइल की समर्पित टीम के सहयोग से ही संभव हो पा रहा है।

# ओ.टी.एस. को क्षमता निर्माण आयोग से मान्यता

**जयपुर** । हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान (ओ.टी.एस) को भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग द्वारा सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय मानकों के पालन के लिए मान्यता प्रदान की गई है। यह प्रतिष्ठित मान्यता संस्थान की लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संस्थान राष्ट्रीय मानकों के लिए निर्धारित मापदंडों का पालन कर, क्षमता निर्माण और सिविल सेवा प्रशिक्षण में उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित करता है। ओ.टी.एस. महानिदेशक श्रेया गुहा ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह मान्यता संस्थान की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। हम सिविल सेवकों को आधुनिक शासन की जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस मान्यता से हरिश्चन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों में सम्मिलित हो गया है और इसका उद्देश्य लोक प्रशासन और शासन में उत्कृष्टता लाना है।

# महेश मेला हर्षोल्लास से लगाया



**जयपुर** । श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की 58वीं सामूहिक गोठ एवं महेश मेला विद्याधर नगर स्टेडियम पर पूरे हर्ष एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस सामुहिक गोठ में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष केदार मल भाला ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में देश की ख्यातनाम विभूतियों रामअवतार जाजू (इन्दौर), रामरतन भूतड़ा (सूरत) एवं जयदीप बिहाणी (विधायक, श्रीगंगानगर) को ''माहेश्वरी भारत गौरव'' सम्मान तथा ज्योति माहेश्वरी (समाज संरक्षक), नटवर लाल अजमेरा एवं नथमल मालू को ''माहेश्वरी समाज रत्न'' सम्मान से अलंकृत किया गया।

महामंत्री मनोज मूंदड़ा ने जानकारी दी कि समारोह के मुख्य अतिथि विवेक लड्ढा (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी), विशिष्ट अतिथि हरिनारायण कासट (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी), मेला उद्घाटनकर्ता सुनील जाजू (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी), स्वागताध्यक्ष रामअवतार होलानी (प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी) तथा विशेष अतिथि सीताराम मालपानी (संरक्षक, माहेश्वरी समाज, जयपुर) थे। समाज बन्धुओं ने गोठ में दाल, बाटी और चूरमे का आनन्द लिया, जिसमें बादाम का चूरमा विशेष था। विद्याधर नगर स्टेडियम में लगभग 12 से 15 हजार माहेश्वरी बन्धु एकत्रित हुये जिनमें 3000 व्यक्तियों को एक साथ टेबल और कुर्सी पर बैठकर भोजन व्यवस्था हेतु ब्लॉक बनाकर व्यवस्था की गयी।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। आगे इस तरह का कार्यक्रम विद्याधर नगर स्टेडियम में किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश कुमार समधानी को गोठ संयोजक, नवीन मूंदड़ा (हरमाड़ा) को गोठ कोषाध्यक्ष एवं शेयर होल्डर संयोजक राजकुमार झंवर ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दो डेयरी बूथ से हजारों रुपए का दूध चोरी

**जयपुर** । महेश नगर थाना इलाके में दो डेयरी बूथ से चोर दूध चोरी कर ले गए। जब डेयरी संचालक बूथ पर आया तो दूध नहीं होने पर डिलीवरी के बारे में जानकारी ली। जिस से दूध की डिलीवरी होना पता चला। संचालक ने दुकान में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे देखे तो सीसीटीवी में दूध चोरी होते दिखाई दिया। इस पर पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार डेयरी संचालक बलराम ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी दुकान 190 श्रीगोपाल नगर 60 फीट रोड गणेश मार्ग महेश नगर में मधुरिमा सरस पार्लर के नाम से है। सोमवार सुबह सरस डेयरी के ट्रक ने दूध की डिलीवरी की ट्रक के जाने के बाद चोर पिकअप लेकर पहुंचे और दुकान के बाहर पिकअप लगाकर दूध चोरी कर लिया। इसी प्रकार बदमाशों ने मोरवीनंदन डिपार्टमेंटल स्टोर जो की महेश नगर थाने से 50 मीटर की दूरी पर है वहां से चार कैरेट दूध की चोरी की। दोनों ही वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिस में आरोपित वारदात करता हुआ साफ दिखाई दे रहे है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी में पिकअप के नम्बर लगे जिस के आधार पर जानकारी सामने आई है कि यह पिकअप झालाना डूंगरी निवासी रतन खटीक की है और 11 सितम्बर को उनकी पिकअप चोरी हो गई थी।

# चार दिन बाद भी 3 नाबालिगों का सुराग नहीं

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में गत 13 सितंबर की शाम को घर से निकले 3 नाबालिग दोस्तों का पुलिस चार दिन बाद भी सुराग नहीं लगा पायी है। इस संबंध में पीड़ित के पिता ने हरमाड़ा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवायी है। पीड़ित राजेश कुमार धानका ने बताया कि वह बजरंग विहार कॉलोनी में रहते हैं। उनका 14 वर्ष का बेटा कृष्णा डाबी, अपने दोस्त लकी और युवराज के साथ 13 सिंतबर की शाम को घर से निकला था। युवराज के पास बाइक है, जिस पर तीनों घर से निकले थे। युवराज का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। तीनों युवकों के परिजनों ने अपने रिश्तदारों व युवकों के दोस्तों व परिचितों के घर पर भी संपर्क किया, लेकिन उनका कोई अता-पता नहीं चला। पीड़ित राजेश कुमार का कहना है कि तीनों बच्चे 4 दिन से लापता है, लेकिन पुलिस भी अब तक कोई खोज-खबर नहीं ला सकी है। जबकि युवराज की बाइक नंबर और मोबाइल नंबर की जानकारी भी पुलिस को दे दी है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और विशेष टीम की की मदद लेकर पुलिस बच्चों की तलाश करे।

# भरत-मिलाप की साक्षी बनी छोटीकाशी

## 131 वर्ष पुरानी परिक्रमा देखने उमड़े नगरवासी

**जयपुर** । चांदपोल बाजार स्थित श्री रामचंद्रजी मंदिर से सोमवार को 131 साल पुरानी भरत मिलाप परिक्रमा निकाली गई। रामचंद्रजी मंदिर को अयोध्या मानते हुए भरत और शत्रुघ्न सांगानेरी गेट को अयोध्या की सीमा मानते हुए राम-सीताजी और लक्ष्मण को भव्य शोभायात्रा के साथ लेकर आए। चांदी के साजो सामान से सुसज्जित रियासतकालीन रथ पर सवार होकर भरत और शत्रुघ्न अपने बड़े भ्राता राम, सीताजी और लक्ष्मण को लेने के रवाना हुए तो मंदिर जयकारों से गूंज उठा। सांगानेरी गेट स्थित हनुमानजी के मंदिर के बाहर राम और भरत मिलाप हुआ। भरत और शत्रुघ्न चौदह साल का वनवास पूरा कर लौटे भगवान श्रीराम और सीताजी के चरणों में गिर पड़े। भगवान राम ने भरत को गले लगाया। राम और भरत के मिलन का यह दृश्य देखकर लोगों की आंखें नम हो गई। भरत ने भगवान श्रीराम की पूजा कर आरती उतारी। इसके बाद राजसी वेशभूषा धारण कर राम-सीता और लक्ष्मण बने स्वरूप बालक रथ पर सवार होकर चांदपोल स्थितराम चंद्रजी मंदिर के लिए रवाना हुए। करीब डेढ़ सौ श्रद्धालु भजन करते और नाचते हुए चल रहे थे। परिक्रमा का काफिला आगे बढ़ा तो और लोग जुड़ते गए। मार्ग में आए मंदिरों के बाहर रथ में विराजमान स्वरूप सरकारों की पूजा-अर्चना की गई। पूरे रास्ते ठाकुरजी के रथ पर पुष्प वर्षा की गई।

सबसे आगे पचरंगा ध्वज लिए हाथी चल रहा था। उसके पीछे ऊंट, घोड़े, बैंड, बग्गी, लवजामा था। सेवागीर चंवर डुलाते चल रहे थे। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। सांगानेरी गेट से रथ बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़ होते हुए चांदपोल बाजार स्थित रामचंद्रजी मंदिर पहुंचा।

मंदिर महंत नरेंद्र कुमार तिवारी एवं अन्य ने मंदिर परिसर के मुख्य द्वार हाथी पोल पर भगवान राम की भव्य आरती की गई। सभी स्वरूप सरकारों को कंधों पर बैठक मंदिर में लाया गया। मंदिर के दूसरे द्वार सिंहपोल पर भी आरती हुई। उसके बाद मंदिर प्रांगण के अंदर सिंहासन पर सभी को विराजमान करके सत्कार किया गया। पुष्पमाला पहनाई गई।

# पं. बुधादित्य मुखर्जी ने प्रस्तुत किया मनमोहक सितार वादन




राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा संस्थापक न्यासी रामजीलाल स्वर्णकार की स्मृति में 21वां वार्षिक समारोह आयोजित किया गया।

**जयपुर** । राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा संस्थापक न्यासी रामजीलाल स्वर्णकार की स्मृति में 21वां वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध सितार वादक पद्मभूषण पं. बुधादित्य मुखर्जी ने अपनी बेमिसाल प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तबले पर पं. विनोद लेले ने उनकी उत्कृष्ट संगत की।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय रामजीलाल स्वर्णकार और स्वर्गीय गोमती देवी स्वर्णकार के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। स्वागत उद्बोधन में चेयरमैन डॉ. विकास चंद्र स्वर्णकार ने कहा कि कला जीवन को सार्थक और आनंदमय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

समाज में कला के संरक्षण और संवर्धन के लिए यह समारोह पिछले 21 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। यह मंच जयपुर के कला प्रेमियों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों से रूबरू होने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

संस्थापक चेयरमैन डॉ. एम.एल. स्वर्णकार ने बताया कि इस वर्ष इमदादखानी घराने के प्रतिष्ठित सितार वादक पं. बुधादित्य मुखर्जी को आमंत्रित किया गया। पं. मुखर्जी न केवल सितार वादन में पारंगत हैं, बल्कि सुरबहार जैसे वाद्य यंत्रों पर भी उनकी महारत प्रसिद्ध है।

पं. बुधादित्य मुखर्जी ने जयपुर से अपने पुराने संबंध का जिक्र करते हुए कहा कि शास्त्रीय संगीत एक साधना है, जो आत्मा को शुद्ध करती है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में भारतीय शास्त्रीय संगीत का सम्मान है और यदि युवा पीढ़ी इसमें रुचि लेकर पूरी निष्ठा से जुड़े तो इसके अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि वे स्वर्ण पदक विजेता इंजीनियर रह चुके हैं, लेकिन संगीत को अपना जीवन समर्पित किया और यहीं से उन्हें पहचान मिली। अब तक वे देश-विदेश में 1200 से अधिक प्रस्तुतियां दे चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत पं. मुखर्जी ने राग शुद्ध कल्याण की विलंबित बंदिश से की, जिसमें शुद्ध मध्यम का अत्यंत सजीव और संवेदनशील प्रयोग किया गया। इसके बाद उन्होंने राग पीलू पर आधारित एक भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसमें उनकी उंगलियों की अद्भुत गति और तारों से निकली स्वर लहरी की मिठास ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात उन्होंने राग यमन की सजीव प्रस्तुति दी, जिसमें सातों स्वरों और तीव्र मध्यम का अद्भुत समावेश था। कार्यक्रम का समापन उन्होंने राग भैरवी से किया, जिसमें कोमल स्वरों का बहुत ही भावपूर्ण संयोजन रहा।

समारोह में परिवारजनों में मीना स्वर्णकार, आर.आर. सोनी, शोभित स्वर्णकार, कविता स्वर्णकार, हरमन स्वर्णकार, जयाश्री स्वर्णकार, रविन्द्र वर्मा, योगेन्द्र वर्मा, वाइस चांसलर डॉ. अचल गुलाटी, डॉ. विनय कपूर, डॉ. एन.डी. सोनी, डॉ. ए. के. शर्मा उपस्थित रहे। ब्यूरोक्रेट्स में जगदीश चंद्रा, डॉ. गोविंद शर्मा, नवीन महाजन, डॉ. समित शर्मा, बी.एल. सोनी, एस.एन. गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, डॉक्टर और कला प्रेमी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# जयकारों के साथ बाबा रामदेव की पदयात्रा रवाना

**जयपुर** । गलता गेट से जमवारामगढ़ के लाड़ीपुरा गांव के लिए श्री बाबा रामदेव जी पदयात्रा रवाना हुई। वार्षिक पदयात्रा को घुमंतु उत्थान न्यास के गालव नगर भाग संयोजक ओम श्रीमाल ने रवाना किया।

उन्होंने सभी पदयात्रियों का माला पहना कर अभिनंदन किया। घुमंतु उत्थान न्यास जयपुर महानगर संयोजक राकेश शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म में पदयात्राओं का विशेष महत्व है। पदयात्राओं से दूसरे स्थानों की संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा घुमंतु समाज के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। इस मौके पर राजस्थान गाडिय़ा लोहार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल लोहार भी उपस्थित रहे।



## World Manta Day

World Manta Day, celebrated annually on September 17th, is a special occasion dedicated to raising awareness about the conservation status of *manta* and devil rays. These beautiful, mysterious ocean giants captivate us with their grace and size, but they face significant threats that require our attention and action. The inception of World Manta Day is rooted in the need to educate and raise awareness about these majestic creatures. The goal is to empower everyone, from scientists to tourists, school students to policymakers, with knowledge about manta rays, their relatives, and their precious habitats.

#EDUCATION

# Inclusive Classrooms

Inclusive education benefits both students with and without disabilities, by fostering empathy, social skills, and a sense of belonging.



Inclusive education is emerging as a crucial element in creating equitable learning environments that benefit all students, including those with and without disabilities. By fostering a sense of belonging and respect for diversity, inclusive classrooms provide every student with the opportunity to succeed in a supportive and safe environment. "An inclusive classroom creates a level playing field for all students, respecting each student's background, learning style, and abilities," notes educational expert, Praneet Mungali.

### Building Meaningful Relationships and Empathy



In India, the lack of formalised programmes in mainstream schools often hampers the integration of students with diverse learning needs. However, inclusive settings allow students to build meaningful relationships and learn to appreciate differences without bias. "These classrooms are not just about academics, they provide a platform for students to connect emotionally," Mungali explains. This environment is particularly beneficial for students with disabilities, who may struggle with social skills, while also teaching their peers without disabilities empathy, patience, and effective communication.

### Developing Essential Life Skills



Research shows that students in inclusive settings develop essential life skills, such as problem-solving, adaptability, and self-management. These skills are crucial for personal and academic success, as well as for future societal contributions. Yet, the success of inclusive education largely hinges on teacher training. "Teachers are a paramount ingredient in the success of inclusive education," says Mungali. Trained educators not only foster a safe and nurturing environment but also help parents of children with special needs by addressing their concerns with sensitivity.

While some schools, such as Sanskriti School in Pune, have successfully implemented inclusive education by employing special educators and adapting curricula, the journey towards widespread inclusivity is ongoing. "Studies suggest that only 9% of disabled students complete secondary school," Mungali points out, highlighting the significant challenges still faced by many, especially girls and children with autism or cerebral palsy.

A nationwide effort is needed to make inclusive education a reality. This includes improving infrastructure, enhancing teacher training, and fostering a culture of responsibility and trust. By making these changes, all children, regardless of their abilities, can have access to high-quality, inclusive education that promotes holistic development and prepares them for active participation in their communities.





Sargodha attack, how the Indian Air Force distroyed the air base.

Gwalior had recently become home to one of the newest fighter aircraft, the French Mirage 2000, inducted into the IAF in end of 1984, the time that our course received our wings and stripes. The entire base looked fresh and new and the exuberance and energy of the AoC seemed to have percolated right down to the last man, which was evident in the flawless conduct of the exercise and the way each one of us participants was made to feel at home at the base.



PART:1

# Salute To The Man Who Showed Us We Counted In The Skies

## #AIR MARSHAL DENZIL JOSEPH KEELOR, PVSM, KC, AVSM, VRC



Air Cmde
Nitin Sathe

**People my age remember the 1965 war with the first gush of patriotism, very powerful and committed. We were not yet born for the freedom struggle, and the patriotism of that struggle was all stories for us, wonderful but not real, till '65 happened. There were many heroes of the '65 war, and Denzil and his brother were two prominent ones. Denzil was awarded two Chakras in his life. Here are the citations.**

4805, Flying Pilot, Air Marshal Denzil Keelor has passed on. What he leaves behind is a set of admirers and friends, who saw him up close in his well-lived life of 91 years. This article focuses on the qualities of the man that made him 'a legend.'

**Gwalior, Summer of 1986.**

With two years of flying experience on helicopters, as a newly appointed Captain, I was commandeering my helicopter from my parent base at Bareilly to Gwalior, located a few hundred kilometers southwest. Gwalior was teeming with activity with many types of aircraft parked on the tarmac. As I came to hover and moved towards the parking area, I wondered whether they would have adequate place to park even this little helicopter.

Gwalior was hosting one of its biggest events of the year. The annual large-scale flying exercise, involving many types of fighters, was about to begin and many different types of aircraft had flown into the base in support of the same.

As I hovered near the link taxiway to the tarmac, I saw a blue ambassador whizzing across, its flag fluttering in the breeze and the single star on the front bumper, catching the bright sun of the summer morning. It was the Air Officer Commanding (AoC) of the base about whom I knew nothing about, till then.

The driver, in his flying overalls, got out and approached the airman, who was still deciding how and where to marshal me in the confined space. Taking the table-tennis bat like marshalling wand from him, he walked briskly to a spot at the edge of the tarmac, indicating to me to move in his direction. I was soon on ground, tucked away at the edge of the hard concrete, with my helicopter tail over the grassy area lining the tarmac.

My rotors came to a stop, and as I got out, I was greeted by none other that Air Commodore Denzil Keelor, the AoC of the base with a warm handshake and a smile. I was rather intrigued as to why the seniormost officer of the base had to come down to meet a 'piddly' flying officer landing at his base, something that I had never experienced in my little time in the IAF till then.

Post exchange of pleasantries, he handed me an envelope containing ten hundred-rupee notes, again something that I wasn't expecting at all.

"Welcome to Gwalior," he said, and, looking at the bewildered me in the eye, continued, "that money is for looking after the *chai-paani* of your ground crew. See that they are well looked after, and… happy landings and have a happy stay!"

He was out of sight before I could even say thank you to him. The other airmen on tarmac told me later that the AoC was going around the tarmac all morning, welcoming in every aircraft that had landed at the base. I think I was witness to one of the finest examples in leadership that summer morning.

Gwalior had recently become home to one of the newest fighter aircraft, the French Mirage 2000, inducted into the IAF in end of 1984, the time that our course received our wings and stripes. The entire base looked fresh and new and the exuberance and energy of the AoC seemed to have percolated right down to the last man, which was evident in the flawless conduct of the exercise and the way each one of us participants was made to feel at home at the base.

I moved on in life in the IAF, and so did the AoC, and sadly, I did not get an opportunity to either meet him or serve under the man, who went on to become an Air Marshal, retiring from the IAF in end of 1991 as the Inspector General Inspection & Flight Safety (IG I&S).

Much has been written in the media about his acts of bravery in the 1965 war, when he and his brother, flying the indigenously built Gnat aircraft, shot down the much superior F-86 Sabre fighters of the Pakistan Air Force. The Gnat aircraft got its nickname 'Sabre-Killer.' Thanks to the heroics of the two brothers!

"I was known as 'Charlie' in No. 4 Squadron, and we called ourselves "The Oorials." My Commanding Officer (CO), Wing Commander DJ Keelor, insisted on calling me 'Char-Les,' right through my career!" says former Air Chief Marshal NAK Browne, who served in the unit as a young Flying Officer and Flight Lieutenant.

"Our Squadron was always full of *josh*. Thanks to the amazing leadership skills of Keelor sir. I have served under so many COs, but there cannot be one like Air Marshal Keelor. He was so difficult to emulate," says the former Chief, becoming nostalgic.

"That man was so full of energy all the time. Whether it was going for a sortie or playing chess!" adds Browne sir. Being a keen sportsperson, his theory was that if a man played chess and hockey, he wouldn't do no wrong!

He was always in such a hurry to get moving off the blocks for a sortie that he often left his formation members behind! Even when he played chess, he would make his five moves in advance and ask his opponent to play his! Be it a Squadron picnic or a planned excursion, he would be up early and go to the bachelor's quarters to wake them up and get them ready for the event.

"In fighter flying, when your number two cannot keep up with you, he radios 'Request RPM,' which literally means to slow down. In one combat sortie, his number two requested him for RPM, and pat came the reply from the witty leader, "Use your own!""

Another pilot of the 'Oorials' told me a Squadron secret which brings out another remarkable quality of the man. In a low-level sortie of four aircraft, the formation descended to almost tree-top heights due to bad weather. A decision was taken to abandon the mission and recover back to base by climbing through the clouds. When they landed, one of the aircraft had a few bamboo shoots and foliage sticking out of its wing, which also bore dent marks. Obviously, the aircraft had hit the top of the trees during low flying. The CO was told of the incident, and expectedly, he did not say a word to the pilots. The next day was a Sunday, and the Squadron was on a picnic with the AoC in attendance. It was here that Denzil sir broke the news to the boss about the incident, and that too, in his amicable style. "Sir, one of the boys managed to brush some trees during a low-level sortie. Nothing serious sir. I have already asked for the repair team from Guwahati, and the machine will be on flight line in a couple of days… nothing to worry!" The AoC, of course, had nothing more to ask or say in the happy moments of the picnic!

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com

### Vir Chakra

**Denzil Keelor's first award was the Vir Chakra in 1965. The citation for the Vir Chakra reads as follows:**
**Gazette Notification: 133 Pres/65, 22-9-65**
**Operation: 1965 Riddle Date of Award: 19 Sep 1965**
**CITATION**
**SQUADRON LEADER DENZIL KEELOR**
**(4805) GD (P)**

On the 19th September 1965, Squadron Leader Denzil Keelor was providing Fighter Escort to Mystere aircraft during a strike mission in the operations against Pakistan. His section of four Gnat aircraft was engaged by four enemy Sabre Jet aircraft and the battle was fought at a height of less than 2000 feet from the ground where enemy anti-aircraft guns were also active. Under his guidance, his sub-section leader shot down a Sabre Jet aircraft. Thereafter, Squadron Leader Keelor himself engaged another Sabre Jet and crippled it. Throughout the operations, Squadron Leader Denzil Keelor was a source of inspiration to his pilots and ground personnel. His courage and devotion to duty were in the best traditions of the Indian Air Force.

Keelor took command of the 4 Squadron in early January 1973. The Squadron was based out of Tezpur Air Force Station. In 1977, he took over as the Commandant of the Tactics and Air Combat Development Establishment (TACDE), the premier training establishment of the Indian Air Force which trains the best fighter pilots in aerial combat.

### Kirti Chakra

**The citation for the Kirti Chakra reads as follows:**
**Date of Award: 27 Mar 1978**
**CITATION**
**GROUP CAPTAIN DENZIL KEELOR, VrC**
**(4805) FLYING (PILOT)**

On the 27th March, 1978, while Group Captain Denzil Keelor was flying a combat aircraft at high altitude, its canopy flew off and this exposed him to explosive decompression and severe wind blast. His eyes, ear-drum and left arm were injured and he experienced great difficulty in controlling the aircraft. Although abandoning the aircraft in the circumstances would have been justified, he decided to recover the aircraft. Under these adverse conditions, wherein he was not able to have a proper view due to wind blast, and that too only with one eye, he brought the aircraft back to base and executed a safe emergency landing.

Again, on 17th May 1978, during a live air to-air sortie, a 23 mm High Explosive shell burst as it left the gun muzzle. Shrapnel damaged the aircraft and caused total failure and a serious throttle restriction. The cone extended fully and the associated engine rumbling and surge gave every indication of engine bearing failure. Without electric instruments and Radio Telephony, Group Captain Keelor had no way of either knowing what had happened or of asking for assistance. Assuming that the engine bearing had failed, he decided to attempt an emergency recovery. With his flying skill and experience, he returned to the airfield, set up a flame out pattern and executed a safe landing. The throttle was stuck at 60% revolutions per minute, and inspite of this, he was able to stop the aircraft without damage.

Group Captain Denzil Keelor, thus, displayed conspicuous courage, exemplary professional skill and devotion to duty of an exceptional order.

Gp. Capt. Keelor, who had rich and wide combat experience and the destruction of a Sabre aircraft to his credit, was flying a MiG-21 FL on 27 Mar '78, when due to structural failure, the canopy of the aircraft detached and flew off. Gp. Capt. Keelor felt sudden decompression and loss of control, but managed to fly back to base and execute a safe emergency landing without the canopy. Later, on 17 May '78, during firing trials, one of the 23 mm Cannon Shells exploded, causing extensive damage and total electrical failure to his aircraft. He successfully executed another safe landing back at his airbase.

From 1980 to 1982, Keelor served as the Air Attaché at the Embassy of India in Paris, France, in the rank of Air Commodore. He later took over command of the Maharajpur Air Force Station as Air Officer Commanding. Keelor was awarded the *Ati Vishist Seva Medal* on 26 January 1986 and the *Param Vishist Seva Medal* on 26 January 1989.

He retired in 1991. Following his retirement, he worked as the President of the YMCA for ten years. He was the Chairman of Special Olympics Bharat.



The Gnat on flight line.



Pathania and Keelor.



The Gnat at Operational readiness at a forward base during the 1965 conflict.

#SPACE

# Meet Scary Barbie!

Scary Barbie is a supermassive black hole that is devouring a star with a thousand times brightness of a supernova



A supermassive black hole is tearing apart a distant star that is now faced with a fiery and dramatic death. The scientists, who discovered it, have affectionately named the black hole 'Scary Barbie,' after a beloved children's character.

The supermassive black hole ripping apart the star is one of the most energetic, luminous and transient celestial events that has been discovered, and yet, it is not exactly blazing bright in the night sky. Instead, astronomers had to unearth evidence of the star's dying moments from a mass of telescope data, where it had been hiding undetected for years.

"It's absurd. If you take a typical supernova and multiply it a thousand times, we're still not at how bright this is, and supernovas are among the most luminous objects in the sky. This is the most energetic phenomenon I have ever encountered," said Danny Milisavljevic, co-author of the study. Milisavljevic is an assistant professor of Physics and Astronomy at Purdue University's College of Science.

According to Purdue University, Milisavljevic, an expert on stellar life cycles and especially star death, noted that the data points to what can be called an extremely anomalous observation.





"We think that a very supermassive black hole pulled in a star and ripped it apart. The forces around a black hole, called tidal disruption, pull other objects apart in a process called 'spaghettification.' We think that's what happened, but on extreme time scales, the most massive of black holes ripping apart a massive star. The duration is unlike anything we've ever seen before, and it produced the most luminous transient in the universe," added Bhagya Subrayan, a co-author. Subrayan is a graduate student at Purdue University.

Not only is Scary Barbie many orders of magnitude brighter and more energetic than any such transient event that scientists have recorded before, but it also seems to be lasting much longer than they usually do. While most transient objects last for weeks or months, this one seems to have lasted for more than two years.

And based on the latest data, astronomers say that it may continue to be visible for many years to come.



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कलेक्टर ने अलवर शहर की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जनता से संवाद कर शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग की बात कही।

■ अभय कमाण्ड के कैमरों से की मॉनिटरिंग, गंदगी वाले स्थानों का मौका निरीक्षण किया

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज प्रात: शहर का दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने शहर का दौरा रोड नंबर 2 से प्रारम्भ किया जहां गुरुद्वारा के पास नाले में कचरा मिला, काशीराम चौराहे के पास जय कॉम्प्लेक्स के पास बने सार्वजनिक शौचालय की दीवार टूटी हुई मिली, कालाकुआं चुंगी के पास प्राइवेट प्लॉट के पास कचरे का ढेर मिला व पुलिस लाइन रोड मालाखेड़ा गेट के बाहर नाली में कचरा मिला एवं कचरा व गंदगी मिलने पर नगर निगम आयुक्त को नाराजगी जाहिर कर निर्देश दिये कि कार्य योजना बनाकर तीन दिवस में इन स्थानों की साफ-सफाई, मरम्मत कराने के साथ यहां डस्टबिन लगाई जाए। स्थानीय पार्षद व नागरिकों से समन्वय कर ऑटो टिपर के सुबह व शाम का कचरा संग्रहण का समय निर्धारित करें। नगर निगम के वाहन निर्धारित कचरा संग्रहण केंद्रों के अलावा अन्य स्थानों पर व नालों में कचरा डालते हुए पाए जाए तो उनका फोटो लेकर भिजवाए, उनके विरूद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि लाल कुआं चुंगी के पास प्राइवेट प्लॉट के कमरे की एक बार नगर निगम द्वारा पूर्ण सफाई कराई जावे तथा उसके बाद प्लॉट के मालिक को पाबंद करे कि यहां गंदगी नहीं होवे। उन्होंने यूआईटी की सचिव को निर्देश दिये कि शहर की साफ-सफाई हेतु नगर निगम का सहयोग कर संसाधन आदि उपलब्ध कराए।

जिला कलेक्टर ने अपने विगत सप्ताह के निरीक्षण के पश्चात शहर में लगे अभय कमाण्ड के तहत सीसीटीवी कैमरों से स्वयं ने एवं डीओआईटी की टीम के द्वारा निरन्तर मॉनिटरिंग कराई गई जिसमें उक्त गंदगी वाले स्थान सामने आए जिनका मौका निरीक्षण जिला कलेक्टर ने करके स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कैमरे द्वारा पकडे गए गंदगी वाले स्थानों के आसपास के निवासियों से कहा कि इस गंदगी की बिना शिकायत के कैमरों की मॉनिटरिंग से गंदगी देखकर आए हैं। इन जगहों को स्वच्छ रखने में अपना पूर्ण सहयोग करे।

जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान शहर के नागरिकों से संवाद कर कहा कि कचरा संठाहण पॉइंट्स व डस्टबिन में कचरा न डालकर अपने मोहल्ले, अपने ही बालों में कचरा डालकर फैल रही गंदगी की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन व नगर निगम का सहयोग करे। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा एक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा इसमें सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक अपने में से ही 30 से 50 घरों पर एक स्वयं सेवक नियुक्त करें जो स्वच्छता कार्य में सहयोग करें। साथ ही नगर परिषद के कार्मिकों से समन्वय कर ऑटो टिपर का समय निर्धारण करे। डस्टबिन व कचरा संठाहण केंद्रों पर ही कचरा डाले। कैरी बैग को उपयोग में लेना प्रतिबंधित है अत: इसे उपयोग में न लेवे।

इस दौरान यूआईटी की सचिव सुश्री धीगदे स्नेहल नाना, एडीएम प्रथम संजू शर्मा, एडीएम शहर बीना महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर, नगर निगम आयुक्त युवराज मीणा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता एम.एल मीना व अधिशाषी अभियन्ता अल्का व्यास, यूआईटी के अधिशाषी अभियन्ता योगेन्द्र वर्मा, कुमार संभव व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### सुमन यादव को पीएचडी की उपाधि



सुमन यादव

**नारायणपुर** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलाहेडा के गाँव जोधपुरा निवासी सुमन यादव ने ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने यह उपाधि उपनिषद अथर्ववेद और अन्य प्राचीन भारतीय साहित्य में शिक्षा की अवधारणा और वर्तमान युग में उनका महत्व विषय पर शोध डॉ. सीएम सारस्वत के निर्देशन में पूरा किया हैं। वही डॉ. सुमन यादव वर्तमान में सिग्मा महिला बीएड कॉलेज झालावाड में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं।

### वेदप्रकाश बारोलिया हुए सम्मानित



वेदप्रकाश

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। डॉ.अम्बेडकर विचार समिति श्रीमाधोपुर के उपाध्यक्ष वेदप्रकाश बारोलिया को डॉ.अम्बेडकर उत्थान परिषद जयपुर द्वारा सियाम ऑडिटोरियम राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान दुर्गापुरा जयपुर में आयोजित 22वें प्रतिभा सम्मान समारोह में किशन लाल शर्मा विधायक किशनपोल जयपुर एवं रामसहाय वर्मा विधायक पीपलू टोंक द्वारा 'वन्दनीय समाजसेवी सम्मान' से सम्मानित किया गया। बारोलिया द्वारा किए गए जन हितकारी सराहनीय कार्यों और समाज के लिए पथ प्रदर्शक के रूप में मानवता के उत्थान हेतु किए जाने वाले उत्कृष्ट कार्यों का आदर करते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। डॉ. अम्बेडकर विचार समिति श्रीमाधोपुर के सदस्यों ने इस गौरवमयी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### लैन्स प्रत्यारोपण शिविर आज

**शाहपुरा,** (निसं)। स्व. राव धीरसिंह स्मृति सेवा मण्डल शाहपुरा जयपुर एवं मेडिकल रीलिफ सोसायटी राजस्थान उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा द्वारा जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग से नि:शुल्क लैन्स प्रत्यारोपण शिविर मंगलवार को होगा। शिविर में भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई राजस्थान जयपुर के अनुभवी वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र खाडिया, डॉ. सिद्धेश गर्ग, डॉ. विजिया शर्मा, डॉ. परनीत जाट, डॉ. नेहा पारीक आदि चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। मोतियाबिन्द के ऑपरेशन एवं लेन्स प्रत्यारोपण रोगियों हेतु दवा, चश्में, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

### मूर्ति को अज्ञात लोगों ने किया खण्डित

**मालपुरा,** (निसं)। लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के झाडली गांव में रविवार की रात्री को अज्ञात लोगों द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति को खण्डित कर देने से लोगो मं गहरा आक्रोश है। ग्रामीणो ने बताया कि झाडली गांव मे बालाजी के मंदिर मे अज्ञात लोगो ने मंदिर के ताले तोड प्रवेश करते हुये मंदिर मे रखी अलमारी सहित बक्से के ताले तोड चोरी की नियत से सामान उथल-पुतल कर दिया। मंदिर मे चोरौं को कुछ हाथ नहीं लगा तो माताजी की मूर्ति को खण्डित कर गये। सवेरे पुजारी सेवा के लिये मंदिर पहुंचा तब घटना का पता लगा। मौके पर पहुंची थाना पुलिस के समक्ष ग्रामीणों ने घटना को लेकर कडी नाराजगी जताई।

### शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रह

**शाहपुरा** (निसं)। ग्राम साईवाड में रक्तदान जागरूकता अभियान के तहत श्री कृष्णा हेल्थ केयर सेंटर द्वारा प्रथम विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। पूर्व सरपंच जयसिंह पारीक द्वारा ब्लड कैंप का उद्घाटन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। श्री कृष्णा हेल्थ केयर केंद्र के संस्थापक डॉक्टर महेंद्र यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है इसे सभी स्वस्थ व्यक्तियों को करना चाहिए। समाजसेवी आदित्य प्रजापति ने बताया कि समाज के जागरूक रक्तदाताओं ने सहयोग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी सुनील शर्मा, सोनू आसीवाल ,अतुल सैन, कमल भार्गव, जितेंद्र यादव, विकास यादव, गोकुल जांगिड, संजय रेगर, इंद्राज गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति एवं प्रथम किशत का हस्तांतरण आज

**कोटपूतली,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2024-25 में आवंटित लक्ष्यों में देश भर के 10 लाख लाभार्थियों के आवासों की स्वीकृति एवं प्रथम किशत लाभार्थियों के खातों में हस्तातंरित करेंगे। इसके लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को प्रात: 10 बजे से राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटपुतली में आयोजित होगा।

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम को वर्चुअली भुवनेश्वर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम से जोडा जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जन प्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी उपस्थित रहेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कोटपुतली-बहरोड को नोडल अधिकारी एवं विकास अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुए समुचित इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला एवं पंचायत समिति स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से चाबियां, आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, श्री फल एवं शाल प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 2024-25 में स्वीकृत लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इधर, जिला मुख्यालय पर जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनको आवंटित किए गए कार्यों संबंधित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## चोरियां रोकने में नाकाम पुलिस के विरूद्ध प्रदर्शन किया

■ सात दिन में चोरी की वारदातों का खुलासा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

**मालपुरा,** (निसं)। शहर में बढती चोरी की वारदाते व बीते दस दिनो में आदर्श नगर आवासीय कॉलोनी में हुई चोरी की चार बडी वारदातों का खुलासा नहीं होने तथा चोरों की गिरफ्तारी में पुलिस पर नाकाम होने का आरोप लगाते हुये जनता ने प्रदर्शन कर पुलिस व प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम नायब तहसीलदार व एएसपी को ज्ञापन सौंपा।

सीताराम वैष्णव, सत्यनारायण गोवला, गोपाल गुर्जर, राजेश गुर्जर, आर्यन पारीक, आसन दास सिंधी, डॉ. एसएस पारीक, हरिराम शर्मा, श्याम सुन्दर सोनी, संजय शर्मा, मुकेश माहेश्वरी, अंकित जैन, एसएन बागला, अशोक विजय, प्रियांश विजय सहित बडी संख्या में जुटे शहरवासियों ने व्यास सर्किल पर पुलिस प्रशासन की नाकामियों पर जमकर नारेबाजी करते हुये एसडीएम आवास पहुंचे लेकिन एसडीएम के नहीं होने व लम्बे समय से अवकाश पर होने के चलते मौजूद नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, जिला पुलिस अधिक्षक, जिला कलेक्टर केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रिय विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा। तत्पश्चात नारेबाजी करते हुये एएसपी कार्यालय पहुंच एएसपी रामकुमार कस्वा को ज्ञापन सौंप अवगत करवाया कि शहर के आदर्श नगर में 6 सितम्बर को गणेश विजय के मकान में व 9 सितम्बर को डॉ. एचएस पारीक के मकान में, 14 को बालिका विद्यालय के पास खडी लग्जरी कार के टायर खोल ले जाने व 15 सितम्बर की रात बगीची के पास वारदात को अंजाम देने के किये गये नाकाम प्रयास से लोगों में सुरक्षा को लेकर दहशत व्याप्त है। एक के बाद एक हो रही चोरी की वारदातों के बाद सीसीटीवी फुटेज पुलिस को उपलब्ध करवाने के बावजूद भी थाना पुलिस चोरों का सुराग लगाने में नाकाम साबित हो रही है। वही चोर बेखोफ होकर चोरी की वारदाते कर रहे है। एक ही कॉलोनी में लगातार वारदाते होने तथा पिडित व्यक्ति द्वारा थाने में एफआईआर देने के लिये पहुंचने पर एफआईआर दर्ज करने के बजाय उसे वहां से लौटा देने जैसे थाना पुलिस के व्यवहार व कार्यशैली से आमजन में गहरा आक्रोश है। गुस्साये लोगों ने सात दिन में चारों वारदातों का खुलासा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

## सर्व ब्राह्मण महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



टोंक में ब्राह्मण समाज की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

**टोंक,** (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा टोंक का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा ने टोंक में परशुराम जयंती पर विशाल शोभायात्रा की शुरुआत की तथा ब्राह्मण समाज की मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह शुरू किया जो लगातार जारी है।

जयपुर से भाजपा सांसद मंजू शर्मा ने सभी सम्मानित प्रतिभाओं को बधाई देते हुए कहा कि टोंक जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा की अगुवाई में किए जा रहे सम्मान समारोह का अच्छा प्रयास है, इससे प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। सांसद मंजू शर्मा सोमवार को सर्व ब्राह्मण महासभा टोंक की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए संबोधित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि आर्थिक आधार आरक्षण की लडाई ब्राह्मण समाज ने लडी जिसका परिणाम था कि हमें आर्थिक आधार से आरक्षण मिला। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है क्योंकि हम योग्यता के आधार से आगे बढे है साथ ही अब आरक्षण का लाभ उठाएं। सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बुद्धिप्रकाश शर्मा, अध्यक्ष सचिवालय कर्मचारी संघ, समाजसेवी कैलाश चंद शर्मा रहे, मंच संचालन ब्रजराज स्नेही ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव दिनेश शर्मा, बद्रीनारायण शर्मा, सुरिया शंभुदयाल शर्मा, हनुमान प्रसाद बोहरा, बाबू लाल शर्मा इत्यादि समाज बन्धु मौजूद रहें।

## सम्मान से प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है : प्रशांत शर्मा

■ सर्व ब्राह्मण समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात के तत्वावधान में चौमू उपखंड के ग्राम जैतपुरा बस स्टैंड पर सर्व ब्राह्मण समाज प्रतिभा सम्मान समारोह एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ।

जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष गजानंद शर्मा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता समन्वयक राकेश कुमार शर्मा ने की तथा समारोह के विशिष्ट अतिथि आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, जयपुर उत्तर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, पूर्व विधायक रामलाल शर्मा चौमू थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा जयपुर हॉस्पिटल के बृजमोहन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा, प्रदेश सचिव राजेश कौशिक रहे। संयोजक बनवारी लाल शर्मा एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहनलाल पारीक ने बताया कि सम्मान समारोह में सर्व ब्राह्मण समाज की चौमू एवं आमेर परिक्षेत्र की 517 प्रतिभाओं का महासभा के द्वारा दुपट्टा पहना कर प्रशस्ति पत्र व भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट करके अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड कक्षा 10 के टॉपर प्रियंका शर्मा तथा कक्षा 12 की टॉपर सारथी मिश्रा को विशेष पुरस्कार के तहत लैपटॉप भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि प्रतिभा समाज की धरोहर है उनका सम्मान समाज की जिम्मेदारी है। समारोह अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि सम्मान से प्रतिभाओं में सकारात्मक एवं आत्मविश्वास का भाव पैदा होता है। आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि सम्मान से प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है। चौमूं के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने साइबर क्राइम से सतर्क रहने एवं सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की बात कहते हुए प्रतिभाओं को राष्ट्र का भविष्य बताया।

## फुलेरा में बढ़ती चोरी और नशे के विरोध में व्यापरियों का प्रदर्शन



उपजिला कलेक्टर महेन्द्र सिंह यादव, वृताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों से समझाइश की।

■ पुलिस ने व्यापारियों से मांगा पन्द्रह दिन का समय

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में बीते डेढ़ माह से लगातार बढ रही चोरी की वारदातों के विरोध में और पुलिस द्वारा उक्त वारदातों पर कोई भी सक्रिय कार्यवाही नहीं करने के क्रम में स्थानीय पुलिस थाना परिसर के समक्ष सोमवार अल सुबह से ही व्यापारियों ने व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। इसी क्रम में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बन्द रखकर धरने में भाग लिया।

व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनोज आहूजा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार चोरियों का ग्राफ बढ रहा है, इसके बावजूद पुलिस प्रशासन अभी तक चोरों को पकडने में विफल साबित हुआ है। एक के बाद एक चोरी की घटना लगातार बढ रही है। पुलिस की नाक के नीचे मुख्य बाजार में दुकानों के ताले तोडकर चोर बडी आसानी से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। केमिस्ट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक तिवाडी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार सूखा नशा अपने पैर पसार रहा है। इसके चलते नौजवान एवं युवा पीढी बुरे तरीके से सूखे नशे के आगोश में रम चुकी है। इसके बाद भी पुलिस कुछ नहीं कर पा रही है। हालांकि वर्तमान थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने सूखे नशे के खिलाफ एक कार्यवाही की लेकिन इसके बावजूद भी सूखे नशे के कारोबार पर लगाम नहीं लग पाई है। इसके चलते फुलेरा का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। व्यापारियों ने जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को धरना स्थल पर बुलाकर अपनी व्यथा सुनानी चाही मगर पुलिस अधीक्षक कार्य में व्यस्त होने के कारण नहीं आ पाये। उनसे मोबाइल से बात करने के बाद जयपुर ग्रोमीण एसपी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरिप्रसाद सोमानी को मौके पर भेजा।

जहां पर उपजिला कलेक्टर महेन्द्र सिंह यादव, वृताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल भी धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों से समझाइश की। जयपुर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरिप्रसाद सोमानी ने चोरी की वारदातों का खुलासा करने और सूखे नशे पर कार्यवाही के लिए व्यापारियों से 15 दिन का समय मांगा।

तब जाकर व्यापारियों ने धरना समाप्त किया। इसके साथ ही व्यापार महासंघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 दिन में भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो उक्त धरना पुन: उग्ररूप से किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, मानवाधिकार मिशन के प्रदेशाध्यक्ष गौरीशंकर सैनी, दीनदयाल कुमावत, जगदीश ककरालिया, हनी सबनानी, महेन्द्र गांधी, हरीश कुमावत, प्यारे लाल कुमावत, सुबोध छाबडा आदि व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## ईद मिलादुन्नबी हर्षोल्लास से मनाया

**देवली** (निसं)। शहर सहित पूरे उपखंड क्षेत्र में ईद मिलादुन्नबी (बारह वफात) पैगम्बर ए कायनात हज़रत मुहम्मद सल्लाहू अलैहि वसल्लम के जन्म दिवस व निर्वाण दिवस को मुस्लिम समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया।

इस अवसर पर समाज के मोहम्मद इदरीश ने बताया कि प्रताप कॉलोनी मदरसा गोसिया, शाही जामा मस्जिद में अल सुबह नमाज अदा की गई। इसके बाद जुलूस ए मुहम्मदी का आगाज़ किया गया। शाही इमाम नज्में इफ्तिखार साहिब ने शाही जामा मस्जिद से जुलूस ए मुहम्मदी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो हजरत पहलवान शाह बाबा की दरगाह पर पहुंचा। इससे पूर्व जुलूस में नाते पाक पढते हुए हज़रत मुहमद की शान में नारे लगाए गए। इस मौके पर शहर के हिंदू भाइयों ने जुलूस पर पुष्प वर्षा कर जुलूस में शामिल मुस्लिम समाज के लोगों का भव्य स्वागत किया तथा मिठाईयां एवं शरबत वितरण किया गया। इस अवसर पर हाफिज मुकीम रजा हाफिज शरीफ मौलाना सना उल्लाह खान मोलाना नूरुद्दीन, सदर सिराजुद्दीन, नायब सदर शमी रंगरेज आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### चार छात्राओं का सॉफ्टबाल में चयन



**श्रीमाधोपुर,** (निसें)। ग्राम हांसपुर की राउमावि की चार छात्राओं का 68वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल 14 वर्ष आयु वर्ग में चयन हुआ है। शा.शि. सत्यनारायण घोसल्या ने बताया कि चारों खिलाडी छात्राएं दिव्या सैनी, निहारिका सैनी, तनू सिंघल व तमन्ना 19 सितंबर से तलवंडी कोटा में होने वाली राज्य स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में नीमकाथाना जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### विद्युत लाईन को भूमिगत कराने की मांग

**सावरदा,** (निसं)।कस्बे में नरेना मार्ग पर स्थित राजकिय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विधुत लाईन से हादसों की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उक्त विद्युत लाईन को भूमिगत करवाने कि मांग कि है। मौजमाबाद उपखण्ड क्षेत्र के सावरदा गांव में स्थित राजकिय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित एक प्राचिन वट वृक्ष के नीचे से गुजर रही विद्युत वितरण निगम की 11 केवी की विधुत लाईन से नौनिहालो के साथ कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है। वट वृक्ष सैकडो वर्ष पुराना है तथा तेज हवा में वृक्ष की डाले टूट सकती है। ऐसे में विद्यालय के मुख्य द्वार के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाईन से अनहोनी की घटना के मद्देनजर विधुत लाईन को भूमिगत करवाने के लिए ठाामीणों ने एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा को भेजकर विधुत लाईन को विद्यालय सीमा तक भूमिगत करवाने की मांग की है।

### दौसा के सचिन शर्मा का राजस्थान अंडर-19 कैंप में चयन

**दौसा,** (निसं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित डूंगरपुर शील्ड में दौसा के सचिन शर्मा का बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान अंडर-19 कैंप में सिलेक्शन हुआ है। सचिन शर्मा ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया। उसके बाद आयोजित राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में सीनियर कॉल्विन शील्ड में भी सचिन का अच्छा प्रदर्शन लगातार जारी रहा। अपने खेल के दम पर सचिन शर्मा का राजस्थान अंडर-19 कैंप में सिलेक्शन हुआ है। सचिन के सिलेक्शन होने पर दोसा क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड रही है। जिला क्रिकेट संघ के सचिव ब्रजकिशोर उपाध्याय ने सचिन शर्मा को बधाई दी और आगामी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं दी ओर बताया कि दौसा क्रिकेट के लिए यह बहुत बडी बात है कि एक छोटे जिले का प्लेयर दौसा की ओर से राजस्थान में प्रतिनिधित्व करेगा। आगामी दिनों में ऐसे और खिलाडियों को भी तैयार किया जाएगा जो राजस्थान खेल सकें।

### व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों का स्वागत

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर व्यापार महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सोमवार को जगह-जगह पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। गोपाल गौशाला अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा ने अध्यक्ष विनोद गट्टानी के साफा बांधा। महासचिव बनवारी लाल सिंघानिया, उपाध्यक्ष देवकरण सैनी, कोषाध्यक्ष सुभाष सैनी को पुष्पहार पहनाकर गले लगाया। इसी प्रकार गोला बाजार में विष्णु कुमार सिंघानिया, संजय नारनोली, संजय आहूजा, नरेश आहूजा, पुनीत आहूजा ने भी उनका जोरदार स्वागत किया। अनेक व्यापारियों ने उन्हें मोदक खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस मौके पर वकील सुनील शर्मा, बालकिशन सिंघानिया, हनुमान प्रसाद कुमावत, सत्येंद्र अग्रवाल, राम अग्रवाल, नारायण दास गांधी सहित अनेक गणमान्य लोगों की भी मौजूदगी रही। वहीं दूसरी तरफ बनवारी सिंघानिया परिवार की तरफ से अग्रावाल धर्मशाला में व्यापार महासंघ पदाधिकारियों व अनेक सदस्यों के लिए प्रसादी का इंतजाम किया गया।

### एडीएम ने रोजगार उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

**कोटपूतली,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रकाश सहारण ने सोमवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष में द्वितीय रोजगार उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभागार कक्ष में लाइव वीसी सेटअप, बैठक व्यवस्था, अतिथियों को भेजे जाने वाले आमंत्रण पत्र आदि तैयारीयों का जायजा लिया तथा सभी तैयारियां को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, डीओआईटी उप निदेशक सुनील मीणा, प्रोगामर मनोज कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे। द्वितीय रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम मंगलवार को प्रात: 11 बजे राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित होगा।

### गणपति जी की भव्य शोभायात्रा निकली

**किशनगढबास,** (निसं)। शहर के मुख्य बाजार खुराना चौक पर 10 दिन से मनाए जा रहे गणेश उत्सव का सोमवार को 21 ढोल शहनाई वालों के साथ भव्य रथ में गणपति महाराज की प्रतिमा को विराजमान कर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शहर के मुख्य मार्गो से निकाली गई शोभायात्रा में बडी संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल हुए। अलवर में नटनी के बारां पर जय कन्हैया लाल की हांथी घौडा पालकी व गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान गणपति उत्सव आयोजन समिति के संरक्षक मदन लाल अग्रवाल विनय गोयल उर्फ टीटू सेवानिवृत्ति तहसीलदार कमलेश वशिष्ठ महेश अग्रवाल राजेंद्र मित्तल संजय सिंघल हिमांशु अग्रवाल शहीद खान इंद्रपाल खुराना विनी खुराना पंडित लीलू शर्मा सोनू सांवलिया सहित बडी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

### नारायणी धाम के लिए पदयात्रा रवाना

**राजगढ,** (निसं)। धार्मिक आस्था के केंद्र नारायणी धाम के लिए राजगढ से पदयात्रा श्रद्धा एवं उल्लास के साथ गंगा माता मंदिर से सोमवार को प्रस्थान कर गई। सेन समाज नवयुवक मंडल की ओर से अर्जित पदयात्रा में भारी संख्या में महिला पुरुष नारायणी धाम को रवाना हुए। इससे पूर्व विधिवत रूप से गंगा माता की पूजा अर्चना के बाद बैंड बाजे एवं आकर्षक ध्वज एवं पताका के साथ पद यात्रा ने प्रस्थान किया।

## पेयजल लाइन टूटकर क्षतिग्रस्त, व्यर्थ बहा हजारों लीटर पानी

■ जलदाय विभाग की लापरवाही से आमजन परेशान

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे के वार्ड नं. 9 हखडेत हनुमान मंदिर के पास जलदाय विभाग की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी का फव्वारा फूट पडा व वार्ड में पानी फैलने के कारण कीचड हो गया। जहाँ आमजन व राहगीर परेशान हो गए।

वही पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण दूषित जल की सप्लाई होने से से बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। जलदाय विभाग की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण हजारों लीटर पेयजल नालियों में व्यर्थ बह रहा है। वही पाइप लाइन लीकेज के कारण वार्ड में पेयजल सप्लाई नहीं होने के कारण जल संकट उत्पन्न हो रहा है। वार्डवासियों ने बताया की पावटा कस्बे में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल संकट व दूषित पानी की सप्लाई की समस्या उत्पन्न हो गई है। वही अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर जनता में रोष व्याप्त है। पीएचईडी एईएन दयाराम चौधरी से दूरभाष के जरिये मामले की जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा डाली जा रही लाइन के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। जल्द ही इसका निराकरण किया जाएगा।

